दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 9 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद(आरएनएस)।** जिला गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक टी0आर0 कंवर के पर्यवेक्षण में जिला के समस्त थाना क्षेत्र में अवैध रूप से मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन तथा संग्रहण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के धाराओं के तहत् अधिक से अधिक कार्यवाही करने के सम्बंध में आदेशित किया गया है। उक्त मुखबीर के द्वारा आज सूचना दिया गया कि ग्राम मालगांव के संतराम निषाद के द्वारा पैरी नदी के किनारे अवैध शराब बिक्री कर रहा है उक्त सूचना के सम्बंध में वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित कर रेड कार्यवाही कर आरोपी संतराम निषाद पिता बलदाउ निषाद उम्र 35 साल निवासी ग्राम मालगांव थाना गरियाबंद के कब्जे से 05-05 लीटर वाली 2 नग सफेद रंग के प्लास्टिक के जरिकेन में भराहुआ कुल 09 लीटर कच्ची महुआ शराब को गवाहों के समक्ष जप्त कर छ0ग0 आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत् विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

### महिला बाल विकास विभाग संचालक ने आंगनबाड़ियों का किया निरीक्षण

**रायपुर(आरएनएस)।** महिला बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज राजधानी में आंगनबाड़ियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरक पोषण आहर वितरण सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वन का जायजा लिया। संचालक ने रायपुर शहर की 2 परियोजनाओ की कुशालपुर, ईदगाहभाटा, पंचपथ चौक सहित 5 आंगनबाड़ियों को देखा। निरीक्षण में रायपुर शहर-1 के 3 आंगनबाड़ियों में हितग्राहियों को पोषण आहार वितरण में अनियमितता पाए जाने पर सभी उत्तरदायी अधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इस दौरान अधीनस्थ विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री से राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत बाम्बरा ने की मुलाकात

**रायपुर(आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत बाम्बरा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बाम्बरा को उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम तथा खाद्य एवँ संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे ।

### जांच चौकियों एवं परिवहन उड़नदस्तों के लिए नियुक्ती

**रायपुर(आरएनएस)।** प्रदेश की सीमाओं पर परिवहन जांच चौकियों एवं परिवहन उड़नदस्तों को पुनः प्रारंभ करने के प्रदेश सरकार को फैसले के बाद अब इन चौकियों पर परिवहन निरीक्षक,उप परिवहन निरीक्षक, सहायक परिवहन उपनिरीक्षक,आरक्षक,प्रधान आरक्षक तथा परिवहन आरक्षकों की नियुक्ति की गई है।

### रिसाली निगम वार्डो में गृहमंत्री का तूफानी दौरा

**रिसाली(आरएनएस)।** नगर निगम रिसाली के पुरैना, जोरातराई और डुंडेरा वार्डो मे आज गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने विकास कार्यो की झड़ी लगा दी। उल्लेखित वार्डो में पहुंचकर मंत्री ताम्रध्वज साहू नें लाखो रूपये के कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को कोरोना काल में अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता में उत्साह और उमंग का माहौल दिखा। आज गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने वार्ड पुरैना पहुंचकर डेढ़-डेढ़ लाख के दो मंचो का भूमि पूजन किया। वहीं वार्ड जोरातराई में 18 लाख से निर्मित उचित मूल्य के दुकान का लोकार्पण के पश्चात प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में डेढ़ लाख के मंच निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। वार्ड डुंडेरा में गृहमंत्री श्री साहू के निधि से सामुदायिक भवन के पास मंच व शेड निर्माण हेतु 2 लाख, सियान सदन निर्माण हेतु 2 लाख, गौठान निर्माण हेतु 23.69 लाख, कचरू नगर में मंच शेड निर्माण हेतु डेढ़ लाख व मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में शेड निर्माण हेतु 1 लाख का भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को 52.69 लाख की विकास कार्यो की सौगात दिये तथा इस दौरान गृहमंत्री ने क्षेत्र की जनता से कहा कि वार्ड के विकास के लिए आप स्वयं सुझाव दें आपके द्वारा दी गई।

## कलेक्टर श्री भीम सिंह ने विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को दिए निर्देश

# हरेली पर्व से जिले के 114 गौठानों में गोधन न्याय योजना की होगी शुरूआत-कलेक्टर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**
गोधन न्याय योजना के तहत जिले के 114 गौठानों में हरेली पर्व 20 जुलाई से पशुपालकों से गोबर क्रय किये जाने की शुरूआत हो रही है। कलेक्टर श्री भीम सिंह ने आज विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां 19 जुलाई तक पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि हरेली का त्यौहार परम्परागत तरीके से जिले के सभी ग्राम पंचायतों मे मनाया जायेगा और 114 गौठानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों विधायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्यगण के मुख्य आतिथ्य में हरेली पर्व पारंपरिक ढंग से मनाते हुये गोधन न्याय योजना की शुरूआत भी की जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को उनके क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आमंत्रित किये जाने तथा गौठान स्थल और समय की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की शुरूआत



पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से एक ओर जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी ओर शहरी और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेगे तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने पशुपालकों से गोबर क्रय किये जाने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुये कहा कि गौठान समितियों के माध्यम से ऐसे स्व-सहायता समूहों को चिन्हांकित कर लिया जाये जो इस कार्य को मन लगाकर करे और पशुपालक अपने घर से गोबर लायेंगे उसे वजन कर सीपीटी में एकत्र करना है उसके 15 दिनों बाद वर्मी कम्पोस्ट पिट में डालना है इसके 45 दिनों बाद 5 किलो, 10 किलो और 15 किलो ग्राम की पैकेजिंग कर सोसायटी के माध्यम से बिक्री की जायेगी। वर्मी कम्पोस्ट खाद की बिक्री में स्थानीय किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी इसके बाद वन विभाग, कृषि, रेशम विभाग तथा अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध कराया जायेगा। गोबर की बिक्री करने वाले प्रत्येक पशुपालक का कार्ड बनाया जायेगा और कार्ड में तिथिवार बिक्री की प्रविष्टि की जायेगी। पशुपालकों को गोबर बिक्री की राशि (परिवहन व्यय सहित) 2 रुपये प्रति किलो के अनुसार 15 दिनों के भीतर उनके खाते में प्राप्त होगा। पशुपालकों के घरों से गोबर एकत्र कर गौठान तक लाने के लिए ट्रैक्टर , बैलगाड़ी या अन्य साधन गौठान समितियां स्थानीय स्तर पर कर सकती है। गोबर एकत्र करने के प्रक्रिया में गौठानों में रहने वाले पशुओं का गोबर चरवाहों द्वारा एकत्र कर उसी गौठान के क्रय केन्द्र में बिक्री किया जायेगा, चरवाहों को भी 2 रुपये प्रति किलो के अनुसार राशि का भुगतान किया जायेगा। इसी प्रकार उस क्षेत्र के गौशालाओं तथा दूध डेयरी से गोबर प्राप्त होता है उसे भी गौठानों के क्रय केन्द्रों द्वारा क्रय किया जायेगा और 2 रुपये प्रति किलो की दर से भुगतान किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी गौठान समितियों के खाते को-ऑपरेटिव बैंक में खोल लिये जाये और को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा दूर होने की स्थिति में ग्राम पंचायत सचिव तथा सखी के माध्यम से राशि बैंको से मंगाकर वितरित की जायेगी। उन्होंने सभी गौठानों में 19 जुलाई तक तराजु-बांट सहित सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि गौठान के बाहर गोबर क्रय करने का समय प्रदर्शित जाये ताकि पशुपालकों को अनावश्यक परेशानी न हो। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौठानों में गोबर क्रय किये जाने तथा उसे वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया के बारे में स्व-सहायता समूह के व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिये।

## नगर विधायक के राजनैतिक कद मे ईजाफे से कांग्रेस मे उत्साह की नई लहर-हरेराम तिवारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**
विगत डेढ़ साल से शहर की सवा लाख आबादी की उम्मीदों के नये ठिकाने 4 - गजानंदपुरम पर बीते दो दिनों से जश्न का माहौल है। यह जश्न उस युवा विधायक को मिली नई जिम्मेदारी के उपलक्ष्य मे मनाया जा रहा है जिसने न केवल नगर विधायक प्रकाश नायक के राजनैतिक कद को नई पहचान दी है बल्कि एक पूरे तबके मे सामाजिक विकास की नई उम्मीदों को परवाज दी है। विधायक प्रकाश नायक की क्षमता पर विश्वास जताते हुये राज्य सरकार ने उन्हे प्रदेश की सर्वांगीण आबादी वर्ग के उत्थान का जिम्मा सौंपा है। नायक की पहचान अब अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के तौर पर भी होने लगी है।



दर असल बीते डेढ़ साल मे प्रकाश नायक ने बगैर किसी स्टारडम,नाटक-नौटंकी विषाक्त बयानबाजी और सियासी षडयंत्र, के स्वच्छ राजनीति की मिसाल पेश करते हुये कांग्रेस के वरिष्ठ और कनिष्ठ के बीच अपने व्यक्तित्व के जादू और जिले की सियासत के पितृपुरुष समान अपने पिता वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री,डॉ. शक्राजीत नायक की प्रेरणा से जिले मे एक के बाद एक छोटे बड़े चुनावों मे अपना सियासी रणकौशल दिखाया। वैसे तो जिले भर मे कांग्रेस का दमदार नेतृत्व विकास की राजनीति मे संलग्न है किंतु मतलबपरस्त सियासत का गढ़ बन चुके रायगढ़ विधानसभा मे आम जनता की उम्मीदों की पहचान बनना कदापि आसान नहीं था। इसके बावजूद थोड़े से वक्त मे लोगों का जो विश्वास विधायक प्रकाश नायक ने जीता है उसकी मिसाल इस वक्त कोतरा रोड के गजानंदपुरम स्थित विधायक निवास पर उमड़े जनसैलाब के रुप मे देखी जा सकती है।यह नायक के नेतृत्व का प्रकाश ही है कि आज युवा उन्हे अपना आदर्श बता रहे हैं तो पूरा शहर नगर विधायक के विषय मे ज्यादा से ज्यादा जानने को उत्सुक नजर आ रहा है। राज्य सरकार से लेकर कांग्रेस आलाकमान की गुडबुक मे शामिल युवा विधायक को ओबीसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाकर शासन ने जिले मे विपक्षी दल के मुंह पर भी ताला जड़ दिया है।एमएलए प्रकाश को मिली नई जिम्मेदारी से जितने उत्साहित वह स्वयं हैं उससे कहीं ज्यादा जोश कांग्रेसी खेमे मे है। समता और सम्पन्नता के ध्येय का अनुसरण कर अपने राजनैतिक सफर की नई जिम्मेदारी को भी प्रकाश नायक पूरी गंभीरता और शासन की मंशा व जनभावनाओं की अपेक्षा के अनुरुप निभाने का आश्वासन दे रहे हैं,वहीं अब ओबीसी वर्ग मे भी अपने उत्थान व विकास की उम्मीदों को नये पंख लगते भी महसूस किया जा सकता है। विधायक की इस उपलब्धि पर जिला कांग्रेस भवन मे प्रकाश नायक का भव्य स्वागत समारोह भी जिलाअध्यक्ष अनिल शुक्ला की ओर से आयोजित किया गया है। तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता व विधायक समर्थक प्रकाश नायक को मिली नई चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी को पूरा करने मे समर्पित भाव से तत्पर रहने का एहसास भी नगर विधायक को कराने से पीछे नहीं हैं। सूबे के मुखिया का विश्वास कायम रखने जिला कांग्रेस एकजुट होकर जनसेवा के मिशन मे अपने नायक के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

## स्वास्थ मंत्री ने की पत्रकार वार्ता

**रायपुर (आरएनएस)।** आज स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने निवास स्थान पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कोरोना वायरस के सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी कोरोना के प्रसार की दर नियंत्रित है, जो लोग कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं उनमें 80त्न से 87त्न तक अंतरराज्यीय यात्रा करने वाले तथा 3त्न तक अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले शामिल हैं। स्वास्थ मंत्री टी एस सिंहदेव ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर टेस्ट और कोरोना नियंत्रण की दिशा में कार्य कर रही है। बढ़ते मरीज़ और मृत्यु दर पर स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने दिया बड़ा बयान स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने बताया कि प्रदेश में कोरोना टेस्टिंग का दायरा बढ़ाया जा रहा है, जिससे मरीजों की संख्या का सामने आना स्वाभाविक है। इस संक्रमण में लगभग 80 प्रतिशत लोग स्वतः ही किसी विशेष उपचार के स्वस्थ हो जाते हैं लेकिन उनकी संख्या सामने आने से इस वायरस के प्रसार को रोकने में आसानी होती है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में अब भी 0.5 प्रतिशत के साथ ही मृत्यु दर अन्य राज्यों से कम है।

## चेंबर के प्रयासों से शाम 7:00 बजे बाजार बंद होने के लिए व्यापार जगत सहमत

**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।**
छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ ने प्रशासन के नो मास्क नो गुड्स के आव्हान पर जारी जन जागरण अभियान के तहत पिछले दो दिन से अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी पूर्व एक्शन कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रोशन अग्रवाल प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल एक्शन कमेटी अध्यक्ष बजरंग महमिया कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल ने विभिन्न बाजारों में अलग-अलग टीम बनाकर दुकानदारों से प्रशासन की मुहिम नो मास्क नो गुड्स तथा हाथों की स्वक्षता को बढ़ावा देने के लिए दुकानदारों को समझाइश दी। उन्हें अपने प्रतिष्ठानों पर चिपकाने के लिए पोस्टर प्रदान किए और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया कि प्रशासन अथवा शासन तथा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश न केवल आम जनता के लिए है बल्कि हम दुकानदारों के लिए भी हैं जो सबसे ज्यादा लोगों के संपर्क में आते हैं। अतः किसी भी ग्राहक को यदि वह मास्क पहनकर नहीं आता है तो सामान ना दें और मास्क पहनने हेतु प्रेरित करें तथा जब भी उसे लेनदेन करें तो उनके हाथ सैनिटाइज करवा दें या फिर बाहर साबुन पानी का इतजाम रखें और उनके हाथ धुलवा दें। स्वयं एवं अपने प्रतिष्ठान के सहायकों को मास्क पहना कर ही ग्राहकों से संव्यवहार करें क्योंकि हमें नहीं पता कि कौन संक्रमित है कौन नहीं है ऐसे में अपनी सावधानी ही हम व्यापारियों के परिवारों को बचा सकती है। अतः आप सभी लोग सतर्क रहें और शासन के नियमों का पालन करें चेंबर ने इसी दौरान व्यापारियों से चर्चा करते हुए इस बात पर भी सहमति प्राप्त की कि प्रतिष्ठान सुबह 9:00 बजे से 7:00 बजे तक ही खोले जावें। शासन के नियमों का पालन करते हुए अपने उपयोग किए वस्त्रों को निकालकर दूसरे वस्त्र पहनने के बाद ही अपने परिजनों से मिले जिससे दिन भर में उनके संपर्क में आए लोगों में यदि कोई संक्रमित हो तो उसके खुद के संक्रमण की आशंका न के बराबर बची रहे लेकिन यदि देर रात तक प्रतिष्ठान खुले रहेंगे और व्यापारी और स्टाफ थका मांदा अपने घर पहुंचेगा तो वह असावधानी और लापरवाही वश स्वयं को बिना निर्देशों का पालन किए ही अपने परिवार के संपर्क में आने देगा और इस तरह हो सकता है कि उसके द्वारा ही उसके परिवार में संक्रमण की संभावना बन जाए।

## पुरखों के हुनर और परम्परागत व्यवसाय को सहेज रहे कुम्हारः मंत्री गुरु रूद्रकुमार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों तथा यहां की कला और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन का ही सार्थक परिणाम है कि लोगों में आज उत्साह दिखायी दे रहा है। खेती-किसानी से लेकर परम्परागत व्यवसाय को बल मिला है। आधुनिकता के इस दौर में विलुप्त होती टेराकोटा कला को फिर से छत्तीसगढ़ में जीवंत हो उठी है। कुम्हारी के परम्परागत व्यवसाय से दूर हो रहे कुम्हार फिर से अपने हुनर को तराशने और अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में जुट गए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप माटीकला बोर्ड ने कुम्हारों को विभिन्न प्रकार की सहायता देकर उन्हें उनके परम्परागत व्यवसाय से जोड़ने में जुटा हैं। ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार का कहना है कि माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से कुम्हारों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उनके हुनर और परंपरागत व्यवसाय को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाने में सरकार हर संभव मदद कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप ग्रामोद्योग विभाग गांव में ग्रामोद्योग एवं माटीकला बोर्ड के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार व्यवसाय से जोड़ने और उन्हें स्वावलंबी बनाने में अहम् भूमिका अदा कर रहा है। ग्रामीणों के परम्परागत व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एवं मदद भी दी जा रही है। राज्य के कुंभकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने की पहल छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड ने की है। बोर्ड द्वारा संचालित कुंभकार टेराकोटा योजना, ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना, कुंभकारों का पंजीयन, माटीशिल्पिओं को प्रशिक्षण और डिजाईन विकास योजना, माटीशिल्पिओं को हस्तचलित रिक्शा ठेला प्रदाय और माटीशिल्पिओं को 'अध्ययन यात्रा योजना' जैसी संचालित कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कुंभकारों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# घटारानी मंदिर बंद, रायपुर के 18 पाये गए थे कोरोना पॉजिटिव

### फिर एक बार मंदिर में लगा ताला

**गरियाबंद(आरएनएस)।** जिले व प्रदेश के प्रसिद्ध मां जतमई धाम और मां घटारानी मंदिर में कोरोना संकट का साया पैर पसार चुका है । इसकी पुष्टि तब हुई जब बीते दिनों रविवार को रायपुर शांति नगर के एक ही परिवार के 18 सदस्यों को कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुई इसके बाद से सोशल मीडिया एवं समाचार चैनलों पर यह खबर प्रकाशित होने के बाद घटारानी जतमई क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा बता दें।यहां बीते कुछ माह से लोगों की भारी भीड़ आ रही है , जो हर साल यहां लगती है पर इस बार कोरोना का संकट होने की वजह से सुरक्षा जरूरी है पर जिला प्रशासन एवं सेवा समिति द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए उसी का नतीजा है कि रायपुर के यह परिवार जतमई घटारानी घूम कर चला गया और ना जाने किस-किस को यह बीमारी बाट गया जो जांच का विषय है। यह परिवार पिछले रविवार को घटारानी जतमई मंदिर में झरने में नहाए दुकानों में खरीदारी की होटल में खाए पिए होंगे ऐसे बहुत से लोग इनके संपर्क में आए होंगे जिनका कोई सोर्स नहीं ना ही कोई रिकॉर्ड बता दें कि बरसात के आते ही जतमई घटारानी मंदिर में झरना में नहाने एवं प्रकृति का आनंद लेने रायपुर दुर्ग भिलाई धमतरी महासमुंद बिलासपुर बस्तर सरगुजा अन्य राज्य के लोग यहां घूमने फिरने आते हैं ।और मस्ती में चूर लोग वर्तमान में चल रहे वैश्विक बीमारी कोविड-19 कोरोना वायरस के भय से मुक्त होकर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना मास्क लगाए बिना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन की है एवं बिना सैनिटाइजर व अन्य उपाय ना करके सीधे नियमों की अनदेखी करते हैं । वही इस बारे में 14 जुलाई को समवेत शिखर ने चेताया था कि कहीं जिंदगी पर भारी न पड़ जाए यह मौज-मस्ती बीते सोमवार को समाचार ही प्रकाशित किया था और वही हुआ जिसका क्षेत्रवासियों को डर था ।18 मरीजों के मिलने के बाद से मंदिर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने बीमारी की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को बैठक बुलाई और मंदिर को पूर्णता बंद करने का निर्णय लिया । इस बारे में मां घटारानी सेवा समिति के अध्यक्ष तारण सिंह ने बताया जैसे हमें पता चला कि रायपुर के परिवार जिन्हें कोरोना पॉजिटिव पाया गया है वह घटारानी आए थे हमने समाचार चैनल में देखा और तत्काल समिति की बैठक बुलाई जिसमें हम लोगों ने मंदिर को बंद करने का निर्णय लिया है और 4 जगहों पर बैरिकेड लगाकर मंदिर आने जाने वालों को एवं दुकानदारों को मनाही की है।साथ ही शनिवार को फिंगेश्वर पुलिस ने आकर लोगों को बिना मास के झरने में नहा रहे लोगो को खदेड़ा ।वही सेवा समिति के सचिव नारायण साहू से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने समिति की बैठक रविवार को बुलाए हैं उसमें सब निर्णय लेंगे और जिला प्रशासन को अवगत करा कर मंदिर को बंद कराने और लोगों की जान बचाने शासन को अवगत करा कर निर्णय दिया जाएगा ।

## नया रायपुर में बनेगा शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय

**रायपुर (आरएनएस)।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय निर्माण के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। नया रायपुर स्थित आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं ट्रायबल म्यूजियम के सामने लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। भगत ने ट्रायबल म्यूजियम के भवन का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री भगत को आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का निर्माण नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन के समीप आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और ट्रायबल म्यूजियम के सामने स्थित खाली जमीन पर किया जाएगा। इस स्मारक में शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन वृत्त को दर्शाया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480